एक नजर में

नवभारत की खबर का असर : सरदारपुर में जल्द शुरू होगी ब्लड बैंक सुविधा

सरदारपुर । शासकीय सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर में लम्बे समय से बंद पड़ी मरीजों के लिए ब्लड बैंक जल्द शुरू की जाएगी। ब्लड बैंक बन्द होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, खांसकर गर्भवती महिलाओं के लिए। हॉस्पिटल के प्रभारी सीबीएमओ डॉ सचिन द्विवेदी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ब्लड बैंक को पुन: शुरू करने की अनुमति जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा मिल गई है। सोमवार से रक्तदान सम्बन्धित प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इधर नगर के युवा समाजसेवी चन्द्रशेखर कामदार ने बताया कि नगर के युवाओं के अथक प्रयासों से यह कार्य पुन: संभव हो सका है। ब्लड बैंक शुरू होने से जरुरत मंदों मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। गौरतलब है कि ब्लड बैंक जल्द शुरू करने और लेब मशीन चालू करने सम्बन्धित खबर अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। जिसके कारण आज सरदारपुर में ब्लड बैंक चालू होने की अनुमति मिली है, जो सरदारपुर तहसील के लिए बहुत बड़ी सौगात है।

अमेज़न की 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल' शुरू

इंदौर . अमेज़न फैशन ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्डरोब रिफ्रेश सेल (डब्ल्यूआरएस) के 18वें संस्करण की घोषणा कर दी है . यह सेल 28 मई से 2 जून तक चलेगी और इसमें ग्राहकों को फैशन और लाइफस्टाइल से जुड़ी ज़रूरी चीज़ों पर आकर्षक बचत मिलेगी . ग्राहक कपड़ों, सौंदर्य, फुटवियर, घड़ियों, लगेज, हैंडबैग, एक्सेसरीज़ और अन्य श्रेणियों में 1500 से अधिक प्रमुख ब्रांडों के 4 लाख से अधिक स्टाइल में से अपनी पसंद चुन सकते हैं और 50-80% की छूट पा सकते हैं . वार्डरोब रिफ्रेश सेल का यह संस्करण ट्रेंड कर रहे स्टाइल्स, रोज़ाना की ज़रूरी चीजें और प्रीमियम फैशन के चुनिंदा उत्पादों पर 50-80% छूट दे रहा है . यह शॉपिंग इवेंट ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं को भी दर्शाता है, खासकर जनरेशन ज़ेड के ग्राहकों के बीच, जो खोज-आधारित और प्रेरणा-केंद्रित खरीदारी की ओर अग्रसर हैं और लगातार ट्रेंडी स्टाइल को किफायती दामों पर तलाश रहे हैं . इस जुलाई में, अमेज़न प्राइम डे अपने दसवें संस्करण के साथ भारत में वापस आ रहा है और प्राइम सदस्य शानदार डील्स, बड़ी बचत, रोमांचक नए लॉन्च और बहुत कुछ का लाभ उठा सकते हैं .

स्पोर्टिंग यूनियन इंदौर अंडर-16 बालिका वर्ग के फाइनल में

महू . दिवंगत युवा फुटबॉलर जोशुआ बेंजामिन की स्मृति में आयोजित नि :शुल्क जिला स्तरीय ग्रासरूट फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन हाई स्कूल स्टेडियम ग्राउंड महू में रोमांच, संघर्ष और खेल भावना से भरपूर मुकाबले देखने को मिले प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर जिला फुटबॉल संघ एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है . प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-16 बालिका, अंडर-13 बालक एवं अंडर-19 बालक वर्ग के कुल तीन मुकाबले खेले गए . अंडर-19 बालक वर्ग में आदिवासी एकेडमी फुटबॉल क्लब इंदौर एवं यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एकेडमी फुटबॉल क्लब महू के मध्य बेहद संघर्षपूर्ण एवं रोमांचक मुकाबला खेला गया . इसमें आदिवासी एकेडमी ने 1-0 से जीत हासिल की . वहीं, अंडर-16 बालिका वर्ग में स्पोर्टिंग यूनियन फुटबॉल क्लब इंदौर ने आदिवासी गर्ल्स फुटबॉल क्लब इंदौर को 1-0 से पराजित कर प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी जगह बनाई . इसी प्रकार अंडर-13 बालक वर्ग में डे बोर्डिंग सेंटर फुटबॉल क्लब महू ने ग्रासरूट फुटबॉल क्लब इंदौर को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर जिला फुटबॉल संघ के कार्यालय सचिव शैलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष अशोक पिल्ले एवं सुरेश डामोर थे . अतिथियों का स्वागत संतोष ट्रॉफी खिलाड़ी एवं जिला फुटबॉल संघ के सहसचिव अविनाश यादव, विक्रम शक्तावत, रमीज राजा, अजय खजूर तथा खेल विभाग के कोच लवलेश सिलावट, सचिन चौहान द्वारा किया गया . कार्यक्रम का संचालन अमित शुक्ला ने किया . प्रतियोगिता के निर्णायक मनोज मोरने, दीपक चौहान, आशीष सेन, प्रियांशु चोपड़ा एवं शाहरुख खान थे .

आईसीयू में भर्ती महिला के सोने का कंगन गायब

इंदौर . एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित अर्पण अस्पताल में भर्ती एक बुजुर्ग महिला के हाथ से सोने का कंगन चोरी होने का मामला सामने आया है . पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . मूसाखेड़ी के मयूर नगर निवासी ज्योति गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई है कि 16 अप्रैल को उनकी मां उमा सूर्यवंशी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अर्पण अस्पताल में भर्ती कराया था . इलाज के दौरान उन्हें आईसीयू में रखा गया था . परिजनों के मुताबिक भर्ती के समय उमा सूर्यवंशी के दोनों हाथों में सोने के कंगन थे . शाम को जब उन्हें आईसीयू से बाहर लाया गया तो एक हाथ का कंगन गायब मिला . इसी दिन हालत गंभीर होने पर उन्हें गोकुलदास अस्पताल रेफर किया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई . परिवार में शोक होने के कारण उस समय शिकायत नहीं की जा सकी . अब परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है . पुलिस अस्पताल के आईसीयू में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान हो सके .

पैदल जा रही युवती को कार ने मारी टक्कर

इंदौर . तुकोगंज थाना क्षेत्र में घंटाघर चौराहे पर सड़क पार कर ऑफिस जा रही एक युवती को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी . हादसे में युवती को चोटें आई हैं . पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है . गोमा की फेल में रहने वाली 18 वर्षीय माही चौहान ने पुलिस को बताया कि जब वह पैदल अपने घर से ऑफिस जा रही थी . जैसे ही वह घंटाघर चौराहे पर पहुंची, तभी रीगल की ओर से तेज गति से आ रही एक अज्ञात कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी . हादसे में माही सड़क पर गिर गई और उसकी ठुड्डी में चोट आई . पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

सहयोग, संस्कार, सेवा समर्पण की ली सदस्यों ने शपथ

भारत विकास परिषद का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह सदस्यों के सहभोज के साथ हुआ समापन

धार । भारत विकास परिषद शाखा धार एवं श्री नित्यानंद शाखा धार का संयुक्त दायित्व ग्रहण एवं शपथ विधि समारोह स्थानीय होटल रूद्राक्ष में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत परिषद् गीत के साथ श्री प्रकाशजी जोशी द्वारा की गई। प्रांतीय पदाधिकारियों द्वारा मां भारती के चित्र पर मल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। राष्ट्रगीत का गायन श्री भीष्मजी दुबे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि दोनों शाखाओं के शत-प्रतिशत परिषद परिवार सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण वीरेंद्र जैन ने की। शपथ विधि अधिकारी के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष मध्य भारत दक्षिण प्रान्त माननीय श्री विजय जी नामदेव उपस्थित रहे। मंच पर प्रांत संयोजक गतिविधि सेवा प्रीति शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

शपथ अधिकारी विजय जी नामदेव ने वर्ष 2026-27 के लिए निर्वाचित धार शाखा के अध्यक्ष मुरलीधर बूटे, सचिव प्रेमनारायण रावल, वित्त सचिव श्री गोपालदास जी गुप्ता एवं श्री नित्यानंद शाखा धार के अध्यक्ष हर्षद वडनेरकर, सचिव सुनील रघुवंशी, वित्त सचिव दीप पटेल सहित समस्त कार्यकारिणी को BVP के 5 सूत्र - सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण की शपथ दिलाई।

इससे पूर्व गत वर्ष 2025-26 में धार शाखा के अध्यक्ष श्री मुरलीधर जी बूटे एवं श्री नित्यानंद शाखा के अध्यक्ष श्री कपिल जी माहेश्वरी के नेतृत्व में किए गए सेवा कार्यों के लिए निवर्तमान टीम का श्रीफल एवं शॉल से सम्मान किया गया।

संगठन सहयोग का प्रत्यक्ष उदाहरण...

कार्यक्रम अध्यक्ष वीरेंद्र जैन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि धार और श्री नित्यानंद शाखा का यह संयुक्त समारोह सहयोग का प्रत्यक्ष उदाहरण है। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संस्कार और सेवा के कार्यों में दोनों शाखाएं मिलकर नया इतिहास रचेंगी।शपथ अधिकारी श्री विजय जी नामदेव ने आशीर्वचन में कहा कि शत-प्रतिशत उपस्थिति यह दर्शाती है कि BVP का परिवार कितना संगठित और समर्पित है।5 सूत्रों के आधार पर दोनों शाखाएं समाज में रचनात्मक परिवर्तन लाएं।

> प्रांत संयोजक सेवा प्रीति शर्मा ने सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए सभी से गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष मुरलीधर बूटे और हर्षद वडनेरकर ने संयुक्त रूप से कहा कि दो शाखा, एक आधार - राष्ट्र का विकास। हम सभी सदस्य मिलकर धार में सेवा, संस्कार और पर्यावरण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन धार शाखा के सचिव श्री प्रेमनारायण रावल ने और आभार श्री नित्यानंद शाखा सचिव श्री सुनील जी रघुवंशी द्वारा किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक समाप्ति हुई एवं सभी ने सहभोज में भाग लिया। इस अवसर पर दोनों शाखाओं के संरक्षक, वरिष्ठ सदस्य, महिला संयोजिका सहित बड़ी संख्या में परिषद् परिवार उपस्थित रहा।

सरदारपुर में विधायक ट्रॉफी 2026 का समापन, भानपुरा बनी विजेता

क्रिकेट में अनुशासन और एकजुटता से सफलता मिलती है - विधायक प्रताप ग्रेवाल

सरदारपुर । खेल परिसर मैदान पर मस्त मस्त क्रिकेट क्लब द्वारा विगत पांच दिन से जारी विधायक ट्रॉफी 2026 रात्रिकालिन ओपन टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का शुक्रवार रात्रि मे समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्षैत्रीय विधायक प्रताप ग्रेवाल थे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि क्रिकेट मे जो टीम अनुशासन और एकजुटता से अपने खेल का प्रदर्शन करती है उसे सफलता मिलती है।

क्रिकेट हमें आपसी भाईचारे का भी संदेश देता है जिसमे एक ही टीम मे कई जाति समाज के खिलाड़ी एकजुट होकर टीम के लिए खेलते हैं। वही विशेष अतिथि के रूप मे सेवानिवृत्त एसडीओपी ऐश्वर्य शास्त्री, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहित कामदार, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, समाजसेवी प्रमोदराज जैन, पूर्व न.प. अध्यक्ष भंवरसिंह बारोड, राजगढ न.प. अध्यक्ष प्रतिनिधी महेश जायसवाल, सरदारपुर न.प. अध्यक्ष प्रतिनिधी अर्पित ग्रेवाल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रतनलाल पडियार, रणछोड मेडा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष बलराम यादव, मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष अम्बर गर्ग, शिवांग ग्रेवाल, ओम मखोड आदि मौजूद रहे। स्पर्धा के पहले सेमीफाईनल में संजय इलेवन लेडगॉव ने बिजलपुर को हराकर एवं दुसरे सेमीफाईनल मे भानपुरा ने पेटलावद को हराकर फाईनल मे प्रवेश किया। अतिथियो द्वारा खिलाडियो से परिचय प्राप्त कर फाईनल मुकाबला प्रारंभ करवाया गया। फाईनल मुकाबले मे संजय इलेवन लेडगॉव ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर मे 125 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए भानपुरा ने 2 गेंद शेष रहते 8 विकेट खोकर 126 रन का लक्ष्य प्राप्त कर स्पर्धा को जीत लिया। अतिथियो द्वारा विजेता टीम भानपुरा को एक लाख रूपये की इनामी राशि एवं उपविजेता संजय इलेवन लेडगॉव को इक्कावन हजार रूपये की इनामी राशि प्रदान की गई। विजेता टीम को ट्रॉफी मयंक गर्ग की ओर से एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी पार्षद नीरज कटारे की ओर से प्रदान की गई। स्पर्धा में मैन ऑफ द सीरिज का पुरूस्कार शक्तिसिंह राठौर दंतोली की ओर से भानपुरा के बल्लेबाज सिध्दार्थ को 8888 रूपये की राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई, फाईनल मे मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रमोदराज जैन की और से भानपुरा के निखिल को 5100 रूपये की राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई, बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार अर्पित ग्रेवाल की ओर से संजय इलेवन लेडगॉव के वासिफ को 2100 रूपये की राशि प्रदान की गई, बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार सार्थक बैरागी की ओर से 3100 रूपये की राशि और ट्रॉफी भानपुरा के कृष्णा को प्रदान की गई। निर्मल वास्केल एवं जीतु ठाकुर द्वारा अपायरिंग की गई, वही पांच दिनों तक कवि पंकज धुप्पल बरमंडल, अंकुश तिवारी, आंशु शर्मा द्वारा शानदार कामेन्ट्री की गई, स्कोरिंग का कार्य दिनेश देवडा एवं अजहर शेख द्वारा किया गया। मस्त मस्त क्रिकेट क्लब के करण ठाकुर, शंकर ठाकुर, राजेश ठाकुर, नानु डावर, चंकी भूरिया, रवि डावर, बंटी मेडा आदि मौजूद रहे।

लेखक संघ की काव्य निशा में प्रख्यात शायर बशीर बद्र को श्रद्धांजलि दी

धार । यहां शेषनाग सिनेमा परिसर में आयोजित मध्यप्रदेश लेखक संघ की मासिक काव्य निशा में आमंत्रित कवियों ने अपनी रचनाओं से महफिल में समा बांध दिया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष श्रीवल्लभ विजयवर्गीय ने की। सबसे पहले देश के हर दिल अज़ीज़ शायर बशीर बद्र जी के निधन पर उन्हें सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि दी गई ।

वल्लभ विजयवर्गीय ने कहा कि बद्र साहब के निधन से देश ने हिन्दी उर्दू दोनों ज़बानों में पुर असर ढंग से लिखने वाले एक महान साहित्यकार को खो दिया है । सर्व श्री श्रीकांत द्विवेदी ने ,अपनी सशक्त रचनाओं के माध्यम से बद्र साहब की मशहूर रचनाओं का भी उल्लेख किया । श्रीमती अनिता मुकाती ने अपनी ग़ज़लों से कार्यक्रम को ऊँचाई दी। कैलाश चन्द्र बंसल ने गोष्ठी का सफल संचालन करते हुए गीत और भजनों की प्रस्तुत किए . दिलीप जैन पथिक ,नंदकिशोर बावनिया,जितेंद्र बावनिया ने अपने गीत और ग़ज़लों से कार्यक्रम में समा बांध दिया। सफल संचालन कैलाश बंसल ने किया।

हनुमानजी का श्रृंगार कर की आरती और हनुमान चालीसा का पाठ

सरदारपुर। नगर के समीप मातेश्वरी धाम फूलगांवडी पर शनिवार सुबह 7 बजे हनुमानजी प्रतिमा का श्रृंगार करके आरती उतारी गई, भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठकर आशीर्वाद लिया, प्रसादी ग्रहण की गई। जानकारी मंदिर संचालक अरुणा शाह ने दी।

36वें ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, अतिथियों ने किया उत्साहवर्धन

धार। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कल्चर सोसायटी द्वारा आयोजित 36वें ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों द्वारा खेल, कराटे, योग एवं विभिन्न शारीरिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। शिविर का आयोजन स्व. श्री अरविंद काशिव जी एवं स्व.श्री संदीप कराले जी की स्मृति में किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक जैन एवं विशेष अतिथि के रूप में सतीश रावत उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत खिलाड़ियों द्वारा पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

मुख्य अतिथि अशोक जैन ने अपने संबोधन में कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।विशेष अतिथि सतीश रावत ने कहा कि खेल एवं योग बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए धार डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कल्चर सोसायटी की सराहना की।शिविर में प्रतिदिन कराटे, योग, फिटनेस प्रशिक्षण एवं विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

एक नजर में

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बोले डॉ . सरिता मंडलोई और डॉ . गौरव गुप्ता

गर्मी में बुजुर्ग ब्लडप्रेशर के प्रति सतर्क रहें

धार। गर्मी का भीषण प्रकोप जारी है। वृद्धजन के लिए ज्यादा ठंड व ज्यादा गर्मी दोनों नुकसानदेह हो सकती है। वृद्धजनों में ज्यादा व लंबे समय तक ब्लडप्रेशर नुकसानदेह हो सकता है। स्ट्रोक आ सकते है। वृद्धजनों को पौष्टिक आहार के साथ नियमित कार्य व व्यायाम पर ध्यान देना जरूरी है। ये विचार राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल संचेतना के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एमडी मेडिसीन डॉ सरिता मंडलोई, आर्थो डॉ जितेंद्र चौधरी, दंतरोग डॉ गौरव गुप्ता ने स्थानीय श्रद्धालय वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के स्वास्थ्य निरीक्षण उपरांत व्यक्त किए।

शिविर में निःशुल्क औषधी वितरण किया गया। डॉ कीर्ति बघेल व सुनीता गुप्ता ने फिजियोथेरेपी करवाई। जांच कार्य में सहयोग श्रीमती रीना परते, पुरूषोत्तम पाटीदार श्रीमती विद्या गुंजाल व तोताराम ने किया। सिविल सर्जन के निदेशानुसार प्रतिमाह ऐसे शिविर वृद्धाश्रम में लगाने के प्रयास होंगे। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ जितेंद्र चौधरी वृद्ध रामु बना के स्पेशल क्लीपर फूट बनाने के लिए पहल की है। इस अवसर पर धन्यवाद संचालन संस्था भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने प्रकट किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्क? ने दी।